**प्रायःपूछे जाने वाले प्रश्न**

| क्र. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | मैं और मेरे पति विदेश में रहते हैं। मैं अपने पति और मेरे बीच वैवाहिक मुद्दों के निपटान हेतु किस प्रकार सहायता प्राप्त कर सकती हूं? | आप अपने वैवाहिक विवाद के निपटान हेतु संभावित सहायता प्राप्त करने के लिए उस देश में स्थित भारतीय मिशन से संपर्क कर सकती हैं जहां आप और आपके पति निवास करते हैं। |
| 2. | मैं भारत में रहती हूँ। मैं अपने वैवाहिक विवाद के निपटान हेतु अपने प्रवासी भारतीय पति को किस प्रकार भारत बुला सकती हूँ? | आप वैवाहिक विवाद के निपटान हेतु अपने पति से संपर्क करने के लिए अपनी शिकायत विदेश स्थित उस भारतीय मिशन को भेज सकती हैं जहां आपके पति निवास करते हैं। यदि आपके पति इस प्रकार के समझौते में सहयोग नहीं करते हैं, तो आप न्यायिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। |
| 3. | मैं विदेश में रह रहा/रही हूँ। मैं विदेश मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली कानूनी और वित्तीय सहायता हेतु किस प्रकार आवेदन कर सकता/सकती हूँ? | आप उस देश में स्थित भारतीय मिशन से संपर्क कर सकते हैं जहाँ आप निवास करते/करती हैं। |
| 4. | मैं भारत में रहती हूँ। मैं अपने प्रवासी भारतीय पति से भरण-पोषण/वित्तीय सहायता प्राप्त करने में किस प्रकार सहायता प्राप्त कर सकती हूँ? | आप:-<br>1. भारत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में मामला दर्ज कर सकती हैं<br>2. सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उस देश में स्थित भारतीय मिशन से संपर्क कर सकती हैं जहां आपके पति निवास करते हैं |
| 5. | मुझे अपने पति का पासपोर्ट रद्द करवाने/ज़ब्त करवाने और उनके पासपोर्ट का नवीनीकरण न होने देने के लिए क्या करना चाहिए? | आप अपने पति के पासपोर्ट को रद्द करवाने/ज़ब्त करवाने के लिए उपयुक्त न्यायालय आदेश प्राप्त करने हेतु भारत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले आपराधिक न्यायालय से संपर्क कर सकती हैं। |
| 6. | मैं अपने पति का विदेशी पासपोर्ट किस प्रकार निरस्त/निलंबित करवा सकती हूँ? | विदेशी पासपोर्ट जारी करना भारत के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। आप उस संबंधित देश के दूतावास से संपर्क कर सकती हैं जहां आपके पति निवास करते हैं। |
| 7. | मैं अपने पति का विदेशी वीज़ा किस प्रकार निलंबित/निरस्त करवा सकती हूँ? | वीज़ा संबंधी मुद्दों का निपटान उस संबंधित देश के प्राधिकारियों द्वारा किया जाता है जिन्होंने आपके पति को विदेशी वीज़ा जारी किया था। आप वीज़ा संबंधी मुद्दों के लिए उस देश के दूतावास से संपर्क कर सकती हैं जहां आपके पति निवास करते हैं। |
| 8 | मैं विदेश में रहने वाले अपने प्रवासी भारतीय पति या पत्नी के वीज़ा और रोजगार का विवरण कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ? | विदेश मंत्रालय के पास व्यक्तियों के वीज़ा या रोजगार से संबंधित विवरण उपलब्ध नहीं होता है। आप इस तरह के विवरण प्राप्त करने के लिए विदेशी दूतावास से संपर्क कर सकते हैं । |
| 9. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति के पीआर आवेदन को कैसे अस्वीकृत/निरस्त करवा सकती हूँ? | स्थायी निवासी का दर्जा प्रदान करना संबंधित विदेशी सरकार का संप्रभु मामला है और यह विदेश मंत्रालय के क्षेत्राधिकार से परे है। आप उस संबंधित देश के |

| | | |
|---|---|---|
| | | दूतावास से संपर्क कर सकती हैं जहां आपके पति रहते हैं। |
| 10. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति का निवास परमिट कैसे रद्द करवा सकती हूँ? | आप सहायता और मार्गदर्शन के लिए उस देश के दूतावास से संपर्क कर सकती हैं जिस देश में आपके पति रहते हैं। |
| 11 | मैं भारत में रहती हूँ। मैं मंत्रालय से मेरे प्रवासी भारतीय पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध करती हूँ। | आपसे अनुरोध है कि आप अपनी शिकायत में मुद्दों का विशिष्ट रूप से उल्लेख करें। आप :-<br>1. उस स्थानीय क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को सूचित कर सकती हैं जहां आप रहती हैं या जहां आपका ससुराल पक्ष का घर स्थित है<br>2. कानूनी सहायता और मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग से संपर्क कर सकती हैं |
| 12. | मेरे प्रवासी भारतीय पति मेरे बच्चे को मेरी सहमति के बिना विदेश ले गए हैं। मैं भारत में रहती हूँ। मैं अपने बच्चे को वापस लेना चाहती हूँ। मुझे क्या करना चाहिए? | आप :-<br>1. मदद पोर्टल पर मामला दर्ज करा सकती हैं<br>2. एनसीपीसीआर (मध्यस्थता प्रकोष्ठ), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (बाल कल्याण प्रभाग) से संपर्क कर सकती हैं<br>3. भारत में बच्चे की अभिरक्षा के लिए मामला दायर कर सकती हैं<br>4. जिस देश में बच्चे को ले जाया गया है, उस देश के दूतावास में शिकायत कर सकती हैं<br>5. अपने पति के खिलाफ उस देश में मामला दायर कर सकती हैं जहां वह रहते हैं |
| 13. | मैं भारत में रहती हूँ। मैं अपने बच्चों के साथ कैसे बात कर सकती हूँ जो विदेश में रह रहे मेरे पति की अभिरक्षा में हैं? | आप भारत में इस मामले के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में मामला दायर कर सकती हैं और अपने बच्चों के साथ बातचीत की सुविधा के लिए अदालती आदेश प्राप्त कर सकती हैं। |
| 14. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति का पता कैसे लगा सकती हूं जो मेरे संपर्क में नहीं है? | आप:-<br>1. आप अपनी शिकायत सही पासपोर्ट नंबर और संपर्क विवरण के साथ संबंधित देश में भारतीय मिशन को अग्रेषित कर सकती है जिस देश में आपके पति निवास कर रहे हैं।<br>2. जिस देश में आपके पति निवास कर रहे हैं, वहां भारतीय मिशन से संपर्क कर सकती हैं।<br>3. अधिक विवरण के लिए भारतीय दूतावासों की वेबसाइट से भारतीय संगठनों/एनजीओ की सूची देख सकती हैं। |
| 15. | मैं विदेश में रह रहे अपने पति को भारत वापस कैसे बुला सकती हूं? | आप:-<br>1. कोर्ट में केस दायर कर सकती हैं।<br>2. गृह मंत्रालय के माध्यम से विदेश में रहने वाले आपके पति के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए समन/नोटिस/वारंट तामील करा सकती हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3. उस देश में भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकती हैं जहां आपके पति निवास करते हैं। |
| 16. | मैं देश से भागने की कोशिश कर रहे अपने पति को कैसे रोक सकती हूँ? | आप:-<br>1. अपने पति के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर सकती हैं।<br>2. पति को देश छोड़कर भागने से रोकने के लिए कोर्ट में केस दायर कर सकती हैं। |
| 17. | मैं भारत में रहता/रहती हूँ। मैं अपने प्रवासी भारतीय जीवनसाथी के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही कैसे शुरू कर सकता/सकती हूँ? | आप भारत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले आपराधिक न्यायालय में मामला दायर कर सकती हैं। |
| 18. | भारत की भौगोलिक सीमा से बाहर रहने वाले मेरे पति को समन/कारण बताओ नोटिस आदि सहित न्यायिक प्रक्रिया की तामील की प्रक्रिया क्या है? | नागरिक मामलों में समन/कारण बताओ नोटिस आदि सहित भारत के बाहर न्यायिक प्रक्रिया कानून और न्याय मंत्रालय (संयुक्त सचिव और कानूनी सलाहकार), "ए" विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली द्वारा विनियमित होती है।<br>आपराधिक मामलों में समन/कारण बताओ नोटिस आदि सहित भारत के बाहर न्यायिक प्रक्रिया गृह मंत्रालय (संयुक्त सचिव (आईएस-द्वितीय), एनडीसीसी-द्वितीय भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001)द्वारा की जाती है। |
| 19. | मैं भारत में रहती हूँ। मेरे प्रवासी भारतीय पति ने मुझे छोड़ दिया है/मुझे दहेज के लिए उत्पीड़ित किया है/मेरे साथ घरेलू हिंसा की है। मुझे क्या करना चाहिए? | आप:-<br>1. भारत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में मामला दर्ज करा सकती हैं<br>2. कानूनी सहायता और मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग से संपर्क कर सकती हैं। |
| 20. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति के साथ विदेश में रह रही हूं। उसने मुझे छोड़ दिया है/मेरे साथ दहेज उत्पीड़न/घरेलू हिंसा की है। मुझे क्या करना चाहिए? | आप जिस देश में रह रहे हैं वहां के भारतीय मिशन से स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। मिशन आपको स्थानीय भारतीय संघ/संगठन/गैर सरकारी संगठनों के साथ संपर्क करा सकता है और यदि आप विदेश में कानूनी/न्यायिक कार्रवाई करने का निर्णय लेती हैं तो आपको कानूनी और वित्तीय सहायता भी प्रदान कर सकता है।<br>आप विदेश में स्थानीय भारतीय संघ/संगठन/एनजीओ, वकीलों की सूची उस देश में भारतीय राजदूतावास की वेबसाइट से प्राप्त कर सकती हैं। |
| 21. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस कैसे जारी करवा सकती हूं? | आप:-<br>1. स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों के साथ एफ.आई.आर. दर्ज करवा सकती हैं।<br>2. न्यायिक कार्रवाई कर सकती हैं। |
| 22. | मैं भारत में रहती हूँ। मेरे प्रवासी भारतीय | आप अपना सामान वापस पाने के लिए भारत में सक्षम |

| | | |
|---|---|---|
| | पति के रिश्तेदारों ने मुझे मेरे ससुराल से बाहर निकाल दिया है। मैं अपने ससुराल से अपना सामान और दस्तावेज़ कैसे प्राप्त कर सकती हूँ? | क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में मामला दायर करा सकती हैं। |
| 23. | मैं अपने प्रवासी भारतीय पति के साथ विदेश में रह रही हूं। मुझे मेरे पति ने मेरे ससुराल पक्ष के घर से बाहर निकाल दिया है। मैं अपने ससुराल पक्ष के घर से अपना सामान और दस्तावेज़ कैसे प्राप्त कर सकती हूँ? | आप सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए विदेश स्थित भारतीय मिशन से संपर्क कर सकती हैं। |
| 24. | मैं भारत में रहती हूं और मेरे प्रवासी भारतीय पति ने मुझे तलाक दिए बिना दूसरी महिला से शादी कर ली है। मुझे क्या करना चाहिए? | आप भारत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय में मामला दायर कर सकती हैं। |
| 25. | मैं साइबर उत्पीड़न के लिए अपने प्रवासी भारतीय पति के खिलाफ किस प्रकार कार्रवाई कर सकती हूं? | आप अपनी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज करा सकती हैं। |